## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक आज

**मंडला।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर 10 जुलाई 2024 को शाम 4 बजे जिला योजना भवन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी संबंधितों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिये आवेदन 15 जुलाई तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अग्रेंजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंगवेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई 2024 तक जमा कराये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिखकर प्रत्येक जिले से कम से कम 2 पात्र आवेदकों के आवेदन rsk.mponline.gov.in के माध्यम से भेजने के निर्देश दिये गये हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 के लिये आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में कौशल विकास किया जाता है।

### फरवरी माह से नहीं जमा की गई घंसौर आश्रमों और छात्रवासों में शिष्यावृत्ति

**घंसौर /** मुख्यालय घंसौर में विगत 5 जुलाई को जनपद सभागार में घंसौर के नवागत विकासखंड अधिकारी वीरेंद्र बोरकर की अध्यक्षता एवं मंडल संयोजक रघुवंशा पंद्रे के मार्गदर्शन में एक बैठक आहूत की गई जिसमें विकासखंड घंसौर के सभी अधीक्षक अधिक्षिकाएं सम्लित हुईं बताया गया कि बैठक में मुख्य रुप से फरवरी माह से आश्रमों एवं छात्रवासों में शिष्यावृत्ति जमा होने की बात मंडल संयोजक रघुवंशा पन्द्रे से अधिक्षकों नें की जिसको गंभीरता से लेते हुए पंद्रे ने घंसौर विकासखंड अधिकारी वीरेंद्र बोरकर से अधीक्षक अधिक्षिकाओं द्वारा उठाई गई उक्त बात अपने संज्ञान में लेकर उच्चाधिकारियों से बात कर उक्त समस्या को जल्द से जल्द निवारण करने हेतू आग्रह किया।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल है एक पेड़ मां के नाम अभियानः संपतिया उइके



## महाराजपुर की खेरमाई टेकरी में रोपे गए एक हजार पौधे



**मण्डला।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उपनगरी क्षेत्र महाराजपुर के खेरमाई टेकरी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एक हजार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पार्षदगण, भीष्म द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, वन मंडल अधिकारी निथ्यानन्तम एल., विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय लोगों ने पौधे रोपित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। लोगों में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह है। आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जो लोग अपनी मां के नाम से पौधे रोपित कर रहे हैं वे इन पौधों की सुरक्षा के लिए भी प्रशासन को समुचित सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम तथा नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने अपने स्तर पर भी पौधरोपण करने तथा रोपे गए पौधों की सुरक्षा करने की अपील की।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि मानसून सीजन में ग्राम के आंतरिक मार्गों, मुख्य मार्गों, तालाब की मेढ़ में, विद्यालय, आंगनवाड़ी तथा खाली जमीन में एक पौधा रोपित करते हुए उसकी सुरक्षा के प्रबंध करें।



## स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने लगाए 1001 पौधे रोपित

### पर्यावरण को बचाने संकल्पित स्वतंत्र पत्रकार संगठन

**मण्डला।** जिले में पर्यावरण के लिए कई संगठन काम कर रहे है। जिसमें जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण समिति भी है, जो लगातार विगत कई वर्षो से जल संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए कार्य कर रहा है। इस समिति द्वारा खैरी स्थित सिद्ध बाबा टेकरी में जहां पहले हरियाली की चादर दूर से ही दिखाई देती थी, वहीं बीते वर्षो में यह पहाड़ी बिल्कुल बंजर हो चुकी थी। यहाँ न तो हरियाली थी और न ही पानी था, बावजूद इसके आज ये पहाड़ी एकदम हरी भरी हो चुकी है। यहां एक नवयुवकों की टोली ने अब तक हजारों पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा कर पहाड़ी को हरा भरा कर दिया है। फिलहाल समिति द्वारा नगर के डिवाईडरों में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। स्वतंत्र पत्रकार संगठन मंडला द्वारा आयोजित एक पौधा मां के नाम अभियान में शामिल हुआ संगठन द्वारा 9 जुलाई को लिंगापौंडी घाट से लगे क्षेत्र में पौधो का रोपण किया गया। यह पौधारोपण वन विभाग के विशेष सहयोग से किया गया। इस पौधरोपण अभियान में पधाधिकारी व सदस्यो के अलावा निजी एवं शासकीय स्कूल के बच्चो व रोटरी क्लब मंडला मेकल के सदस्यों द्वारा पौधो का रोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। बता दे कि स्वतंत्र पत्रकार संगठन मण्डला द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीआरपीएफ की 148 वीं बटालियन, पुलिस लाइन मंडला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लिंगा पौंडी मांटफोर्ट विद्यालय मंडला महर्षि विद्या मंदिर मंडला अमल ज्योति विद्यालय मंडला स्काउट गाइड एवं अन्य विद्यालय के बच्चों द्वारा मंडला, डिंडोरी मार्ग पर स्थित ग्राम लिंगा पोंडी में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया।

# जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय मैनेजमेंट बोर्ड के सदस्य निर्वाचित हुए बिछिया विधायक

**मण्डला।** प्रदेश के जबलपुर स्तिथ जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल (मैनेजमेंट बोर्ड) के निर्वाचन गत दिवस विधानसभा भोपाल में संपन्न हुए, इस निर्वाचन में कांग्रेस विधायक दल की ओर से एकमात्र प्रत्याशी के रूप में जिले की बिछिया विधानसभा के वरिष्ठ विधायक नारायण सिंह पट्टा ने नामांकन दाखिल किया था। इस निर्वाचन में बिछिया विधायक श्री पट्टा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस प्रबंध मण्डल (मैनेजमेंट बोर्ड) में तीन सदस्य विधानसभा से निर्वाचित होते हैं जिसमें इस बार 2 भाजपा से और एक मात्र विधायक के रूप में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा कांग्रेस की ओर से निर्वाचित हुए हैं। इस निर्वाचन परिणाम का आदेश मप्र विधानसभा सचिवालय द्वारा 5 जुलाई को जारी कर दिया गया है। प्रदेश के इस कृषि विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट बोर्ड में पहली बार मंडला जिले से कोई विधायक निर्वाचित हुए



हैं जो कि मंडला जिले के लिए गौरव का विषय है। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने इस निर्वाचन के लेकर कहा है कि मेरे रूप में मंडला जिले को यह उपलब्धि हासिल हुई है और जिले की पूरी जनता इस उपलब्धि की भागीदार रहेगी। मेरा प्रत्येक कार्य कृषि क्षेत्र और छात्र हित में समर्पित रहेगा। मंडला जिले में कृषि महाविद्यालय स्थापित हो सके इसके प्रयास में कोई कमी नहीं छोडी जाएगी। उन्होंने इस निर्वाचन के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित तमाम वरिष्ठ कांग्रेस जनों को आभार ज्ञापित किया है। इस अत्यंत महत्वपूर्ण निर्वाचन में बिछिया विधायक की विजय व नियुक्ति से मंडला जिले में हर्ष व्याप्त है एवं सम्पूर्ण जिले के नागरिकों व कांग्रेस संगठन के तमाम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनायें विधायक श्री पट्टा को प्रेषित की हैं।




# प्रकृति व मानव सेवा ईश्वर की सेवा के समान

## एनएसएस इकाई ने किया वृक्षरोपण




**मण्डला।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की एनएसएस इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए गए। औषधीय पौधों का रोपण कर विद्यार्थियों को एनएसएस के सेवा भाव से अवगत कराया गया। प्रकृति की सेवा और मानव सेवा ईश्वर की सेवा के ही समान है यह संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर उन्हें संरक्षित करने के प्रबंध भी किए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में एनएसएस इकाई का संयोजन करते हुए एनएसएस कायक्रम अधिकारी विपिन लखेरा ने विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौपी। प्रधानमंत्री के एक पौधा मां के नाम अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया गया। इस आयोजन में ओजस क्लब के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच किए गए इस पौधारोपण से विद्यार्थी प्रफुल्लित और प्रकृति के प्रति संवेदनशील नजर आए। इस आयोजन में सुश्री मुक्त खाखा,राम ज्योतिषी, नत्थूसिंह घोसी, शैलेष जायसवाल हरित कोर मास्टर ट्रेनर अखिलेश उपाध्याय का सहयोग रहा।



## कलेक्टर ने जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए आवेदन के त्वरित निराकरण के निर्देश

**मण्डला।** योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 121 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए जिनका कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने परीक्षण कर पात्रतानुसार लाभ देने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में पहुंचे दिव्यांग संतोष कुमार एवं गनेश दास बैरागी को मौके पर ही व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही अशोक कुमार कछवाहा को 4 हजार रूपए का चैक तथा लक्ष्मण वाडेवा को वैशाखी दी गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम लिमरूआ निवासी स्नेहा रजक ने निःशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि लाभ दिलाने के संबंध में, ग्राम बिचुआ निवासी अरविंद परते ने बारिश के पानी की निकासी के संबंध में, ग्राम जैतपुरी निवासी दयाल परते ने गरीबी रेखा के अंतर्गत राशन कार्ड बनाने के संबंध में, नैनपुर निवासी श्रवण कुमार सिंगारे ने निजी भूमि में कब्जा दिलवाने के संबंध में, कर्मचारियों ने अनाधिकृत रूप से लगाई जा रही दुकानों को हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

### जनसुनवाई में अशोक को मिला 4 हजार का चैक

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देश पर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण होने से आवेदक खुशी जाहिर कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को आयोजित




जनसुनवाई में जिले के ग्राम पंचायत मोहगांव निवासी अशोक कुमार कछवाहा ने जीवनयापन हेतु कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आवेदक को 4 हजार रूपए का चैक देकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। अशोक ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

# भारत जानो प्रतियोगिता में 1635 विद्यार्थी हुए सम्मिलित



**मण्डला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 9 जुलाई को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 1635 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भारत जानो प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता दिखाई। इसके लिए पूर्व से छात्रों का पंजीयन किया गया था। केंद्र निर्धारित किए गए थे। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्राध्यापकों एवं कार्यकर्ताओं ने ओएमआर शीट के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक कराया। जिला संयोजक संजय आर्मो ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों के टैलेंट की पहचान एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आयोजित की जाती हैं। स्थापना दिवस के निमित्त 12 जुलाई को सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र व सभी सम्मिलित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।परीक्षा के आयोजन को सफल बनाने में विभाग संगठन मंत्री रामाधार सिंह बैस, मंडला नगर मंत्री प्रिंस सिंह, मदन सह परते, शिवम सिंगौर, शिवांग मार्को, अंश उईके,अभय नंदा, अंकुर श्रीवास,तनुश्री बरमैया, पायल पटेल, तरुण पटेल, जतिन हरदहा, अनंत सिंगरौरे, यस गोटिया, नवदीप चंद्रोल, कुमकुम बघेल, आदित्य चौकसे, अभिषेक रैदास, नयन यादव, नर्मदा झरिया, प्राची पटेल, अभिनव सिंगौर, स्पर्श मिश्रा, सोभीत सिंगौर, प्रखर श्रीवास, काजल नागिया, हर्ष यादव, प्राची पटेल, प्राची कछवाहा, रागिनी श्रीवास आदि कार्यकर्ता का योगदान रहा।

# सत्तर फिट गहरे कुआं में गिरा बैल, गौ सेवकों ने सुरक्षित निकाला

**मंडला।** वार्डों और मोहल्ले में पुराने व अनुपयोगी कुंआ जानलेवा बन रहे है। यहां निकाय क्षेत्र की गहरी नालियां भी पशुओ के लिए खतरनाक साबित हो रही है। सुबह के समय नगर महंतवाड़ा स्थित पुराने कुआ में एक बैल जा गिरा। करीब सत्तर फिट गहरे कुंआ में बैल के शोर से लोग जमा हो गए है। इसकी जानकारी गौ सेवको व समाजसेवी को दी गई। यहां नगर पालिका के अमले के सहयोग से बैल को कुंआ से बाहर निकाला गया है। बताया गया है कि नगर के महंतवाड़ा स्थित कुआ में सुबह के समय बैल गिरने की सूचना महिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज मलिक व गौ सेवक दिलीप चंद्रोल रेनू कछवाहा के साथ घटना स्थल पहुंचे। पार्षद कामिनी चौधरी के सहयोग स्थानीय लोगों की मदद ली गई। यहां नगर पालिका से संपर्क किया गया। करीब 3 घंटे की रेस्क्यू के बाद नंदी बैल को सुरक्षित निकाल दिया गया है। माहिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गौ पुत्र दिलीप चंद्रोल ने अनुपयोगी कुआं होने पर उसे बंद कराने की अपील की है।





**खबर संक्षेप**

### शराब के नशें में धुत्त होने के चलते आटो पर बैठाने से मना किये जाने पर की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोहनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं अपने दोस्त राहुल कुशवाहा के साथ उसके आटो से गाडरवारा से बोहानी जा रहा था रास्ते मे पुराना बस स्टेण्ड पर हमारे आटो मे छोटू उर्फ रोहित कीर आकर बैठ गया जो शराब के नशे मे धुत्त था जो मुझसे वाद विवाद कर रहा था जैसे ही हमारा आटो कुचबंदिया पेट्रोल पंप के पास पहुचा तो मैने रोहित कीर को आटो से उतरने के लिये कहा तो मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगा गाली देने से मना किये जाने पर रोहित कीर ने सडक पर पडे बांस का डंडा उठाकर मुझसे व मेरे दोस्त राहुल कुशवाहा से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जो से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### नल की टोटी को लेकर भतीजों ने चाचा की कर दी पिटाई

**गाडरवारा।** लोग छोटी छोटी से चीजों को लेकर अपने रिस्तों को भूलकर मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ ग्राम कौडिया में देखने मिली जहां पर नल की टोटी को लेकर भतिजों ने चाचा की पिटाई कर दी गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कौडिया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब मै अपने घर पर था तभी मेरे भाई के लडके किशोरी लाल जाटव, लाल साहब जाटव आये और बोले की नल मे लगाने बाली टोटी कहा गयी तो मै घर से बाहर गया और बोला की मुझे नही पता बही कही होगी। इसी बात को लेकर किशोरी लाल जाटव, लाल साहब जाटव दोनो गंदी गंदी गालिया देते हुये डंडे से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की दी गई दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मायके पहुंचकर पति ने अपनी पत्नी सहित साले से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी सासुराल ग्राम तेंदूखेडज्ञ में है और में कुछ दिन पहले ही अपने मायके ग्राम गरधा आई हुई थी। बीते हुये दिवस जब में अपने पिता श्याम लाल जाटव के पास गरधा मे प्रसन्न वेयर हाउस गई थी कि उसी समय मेरा पति मनोज जाटव आया और मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगा मैने उन्हे गाली देने से मना किया तो मेरे पति ने मेरे साथ मारपीट करते हुये धक्का देकर गिरा दिया जब में चिल्लाई तो प्रार्थिया का बडा भाई राजेश जाटव बचाने लिये आया तो मनोज ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### डंपर ने कार को मारी टक्कर, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पंचवटी कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि जब वह अपने साथी अभय शर्मा मेरी मोटर साईकल से उकासघाट रिस्तेदारी में काम से जा रहे थें, उसी दौरान उनके आगे आगे कार क्र.MP53CA6769 को विद्यानंद पिता कैलाश पचौरी निवासी महाराणा प्रताप भी बाय पास रोड तरफ जा रहे थे। उसी दौरान सोयाबीन प्लांट की ओर से एक डम्फर क्र.MP15HA9064 के चालक द्वारा अपने डम्फर को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते कार को क्षतित पहुंचने के चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी डम्फर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**हर व्यक्ति को बेटा बेटी के लिये नौकरी चाहिये सरकारी मगर पढ़ाई निजी स्कूलों में ....?**

# जब शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में इतनी लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है तो फिर आखिर में क्यों नहीं पढ़ना चाहते नेता व अधिकारी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन द्वारा शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है और इसी के चलते सरकार द्वारा बडे ही जोर शोर से हर साल स्कूल चले हम अभियान चलाते हुये शहरो से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय शिक्षण संस्थाओं में बडे ही धूमधाम से शिक्षा सत्र की शुरूआत की जाती है और उसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अधिकारियों खूब भाषण देते हुये शिक्षा के क्षेत्र में सरकार से लेकर शिक्षा विभाग की उपलब्धियाँ गिनाई जाती है। मगर इसके बाद भी इन नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा अपने बच्चों को इन सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने में परहेज क्यों किया जाता है...? जबकि देखा जावे तो सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक कुशल व योग्यतावान होते है जो कठित परीक्षाओं को पास करने के बाद शिक्षक पद पर नियुक्त किये जाते है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इसके बाद भी इन अधिकारियों से लेकर नेताओं की इन शासकीय संस्थाओं में अपने बच्चों को पढ़ाने को लेकर इन सरकारी स्कूलों से बनाई जाने वाली दूरी निश्चित ही अनेक सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है...? जिसके चलते अब सबाल पैदा होता है कि क्या इन शासकीय शालाओं के शिक्षकों पर नेताओं व अधिकारियों द्वारा क्यों भरोसा नही रहता है..? आखिर में वह कौन से कारण है जिसके चलते नेताओं व अधिकारियों सहित पैसा वालों के बच्चें इन शासकीय शिक्षण संस्थाओं से दूरी बनाकर रखते है। यह सबाल इस समय नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खुल रही निजी शिक्षण संस्थाओं में छात्रों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए अपने आप ही उठ रहे है..? जहां एक ओर सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में बढ़ने वाले बच्चों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वही दूसरी ओर उन सुविधाओं का सही क्रियान्वयन कराने के लिए जिन अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को नियुक्त करते हुये उनके संचालन की जिम्मेदारी सौपी जाती है और उनके ही बच्चें उन सरकारी स्कूलों की जगह निजी स्कूलों में बढ़ते हुए देखे जा रहे है आखिर ऐसा क्यों? प्रतिवर्ष देखा जाता है कि जब नये शिक्षण सत्र की शुरूआत होती है तो जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों द्वारा प्रवेश उत्सव का आयोजन मनाते हुए जहां शासन की राशि की होली खेलने में कोई कसर नही छोड़ते है। वही दूसरी ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं को बताते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकारी स्कूलों के लिए अच्छा बताते हुए शासन की योजनाओं को छात्र छात्राओं तक पहुंचाने की बात कहते हुए वाही वाली तो लूटी जाती है। मगर वही अधिकारी व नेता अपने बच्चों को आखिर इन सरकारी स्कूलों में पढ़ना क्यों पसंद नही करते है? इन सरकारी स्कूलों से इन जिम्मेदारों द्वारा अपने बच्चों को पढ़ाने में क्यों परहेज किया जाता है, जिन अधिकारियों व नेताओं द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में शासन की योजनाओं को अच्छा बताते हुए अभिभावकों के अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने की सलाह देते हुए देखा जाता है और उन्ही सलाहकारों के बच्चे उस दौरान निजी स्कूलों में प्रवेश लेते हुए देखे जाते है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सरकारी स्कूलों के संचालन की बागडोर संभालते हुए यह अधिकारी व नेता यह सोच बनाये हुए होते है कि उनके बच्चों को अच्छी सरकारी नौकरी मिल जावे तो उनका भविष्य बन जावे। जिन अधिकारियों द्वारा आम लोगों को शासकीय शिक्षण संस्थाओं में अच्छी पढ़ाई का भरोसा दिलाया जाता है तो फिर वह इन स्कूलों पर विश्वास क्यों नही कर पाते है...? आज के समय में जिस प्रकार अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा सरकारी स्कूलों से अपने बच्चों की दूरी बनाई जा रही है इसी का परिणाम है कि हमारे देश व प्रदेश में शासकीय स्कूलों का शिक्षा स्तर ऊपर की ओर नही उठ पा रहा है। आज के समय में हालात इस तरह देखने मिल रहे है कि हर छोटे बडे नेता से लेकर अधिकारी व साधन संपन्न पैसा वाला धनपति व्यक्ति यही सोच रखता है कि उनके बच्चों की सरकारी नौकरी लग जावे जिससे उसकी जिन्दगी संभल जावे...? मगर जब वह अपने बच्चों को पढ़ाई में सरकारी स्कूलों से दूर रख रहे है तो फिर सरकारी नौकरी की सोच आखिर में क्यों रखी जा रही है...? यही कारण है कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई ला रही शिक्षा के क्षेत्र में सारी योजनाओं के बाद भी सरकारी स्कूलों के शिक्षा स्तर में सुधार की स्थिति नही बन पा रही है। इस संबंध में आमजन से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यदि सरकार द्वारा नियम बना दिया जावे की जो छात्र किसी सरकारी संस्था से पढ़ाई करके निकलेगा तो उसे सरकारी नौकरी में पहले प्राथमिता दी जावेगी तो अपने आप ही शासकीय शिक्षण संस्थाओं का शिक्षा स्तर सुधरने में देर नही लगेगी। क्योंकि इन सरकारी स्कूलों में नेताओं से लेकर बड़े अधिकारियों द्वारा रूख उसी समय किया जाता है जब कोई कार्यक्रम होता है और उन्हें मालाएं पहनने के लिए बुलाया जाता है इसके उपरांत शायद ही कोई नेता व अधिकारी इन स्कूलों की खबर लेता हो कि आखिर में इन स्कूलों में पढ़ाई किस प्रकार से कराई जा रही है। जबकि गौर किया जावे तो जिन निजी स्कूलों में इन अधिकारियों व नेताओं के बच्चे पढ़ाई करते है उन स्कूलों में हर माह अभिभावकों की मीटिंग होने पर इनके द्वारा अपनी उपस्थित दर्ज कराने से नही चूकते है। क्योंकि उन स्कूलों में इनके बच्चें जो पढ़ रहे होते है। इतना ही नही शिक्षा विभाग से जुडे हुए उन अधिकारियों द्वारा भी अपने बच्चों को इन स्कूलों से पढ़ाने में इतना परहेज किया जाता है जिनके ऊपर उन्ही सरकारी स्कूलों का संचालन की बागढ़ोर होती है और सरकार द्वारा उसके लिए हर माह पैसा भी दिया जाता है और उन्ही के द्वारा भी उन शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों पर भरोसा नही किया जाता है जिनका संचालन करना उनके हाथ में होता है। आमजन की मांग है कि सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों से लेकर सत्ताधारी पार्टी से जुडे हुये हर नेता के लिये यह अनिवार्य किया जावे कि उन्हें अपने बच्चों को शासकीय शिक्षण संस्थाओं में पढ़ना जरूरी होगा? वही दूसरी ओर जो बच्चें किसी सरकारी संस्था से पढ़ाई करके जब शासन की नौकरी पाने की लाईन में लगे होते है तो उन्हें प्राथकिता देना चाहिये। यदि यह आदेश सरकार द्वारा लागू कर दिया जावे तो निश्चित तौर से सरकारी शिक्षण संस्थाओं की सूरत बदलने में देर नही लगेगी।

## पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गायब हुई दो नाबालिग किशोरियों को गुजराज सहित भोपाल से खोजते हुये किया परिवारजनों के सुपुर्द



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश सरकार द्वारा नाबांलिग किशोर व किशोरियों के गायब होने को लेकर पुलिस को सख्त कार्यवाही के आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में इस समय ऑपरेशन मुस्कान चलाते हुये गायब होने वाले नाबांलिग किशोर व किशोरियों की सख्ती से खोजबीन की जा रही है। इसी के चलते ऑपरेशन मुस्कान के तहत गाडरवारा पुलिस थाना क्षेत्र से गायब हुई दो नाबांलिग किशोरियों को खोजने में गाडरवारा पुलिस के हाथ बडी सफलता लगी है। बताया जाता है कि बीते हुये 6 जून को एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई गई कि उसकी 15 वर्षीय लड़की घर से बगैर बताये कहीं चली गयी है । आस-पास एवं अन्य रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के बाद भी किसी तरह से कोई पता नही चला रहा है। इस तरह प्रार्थी द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसी तरह से एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी 5 जुलाई को अपनी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की बिना बताये कहीं चली गयी है। वही प्रार्थी द्वारा अपहरण का संदेह व्यक्त किये जाने पर पुलिस द्वारा दोनों मामलों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये मामला कायम करने के बाद आरोपियों की खोजबीन तथा नाबांलिग किशोरियों का पता लगाने के लिये टीमों का गठन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन व अतिरिक्त नागेन्द्र पटेरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में बनाई गई इन टीमों में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी साथ उप निरीक्षक वर्षा धाकड़, मनीषा लिल्हारे,अमित गोंटिया, सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे तथा उप निरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, अपराधियों को पकड़ने में माहिर माने जाने वाले वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी,चेतन,कमलेश, राकेश झा,आरक्षक बाल किशन रघुवंशी,जबाज सिपाही दिनेश पटेल, प्रदीप गुप्ता, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट,शिवम गुर्जर, उत्तम उचाड़िया, सोहेब खान, बसंत, महिला आरक्षक कुमुद पाठक,आरती राजपूत,गीता अग्रवाल,नेहा पटेल,ज्योति दुबे,शिवा राजपूत को शामिल किया गया था। इन टीमों द्वारा नाबालिक बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु स्थानीय स्तर पर पतासाजी उपरान्त आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी एवं क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रीय किया गया । जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस टीमों द्वारा दोनों नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की गई । बताया जाता है कि अपहत 16 वर्षीय नाबालिक बालिका को भोपाल से किया गया, पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहता भोपाल में हैं । सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन भोपाल पहुँचकर अपहता को खोजने में सफलता हासिल प्राप्त करते हुये नाबांलिग को परिजनों को सौपा गया। इसी प्रकार से दूसरी गायब हुई अपहत 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को पुलिस टीम द्वारा अमरोली जिला सूरत (गुजरात) पहुँचकर खोजने में सफलता हासिल की गई। इस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा गाडरवारा थाना क्षेत्र से गायब हुई दिनों नाबालिग किशोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है।

## प्रतुल इंदुरख्या को प्रदान किया ब्लाक शिक्षा अधिकारी सांईखेडा का दायित्व



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** हर विभाग में प्रमुख माने जाने वाले अनेक पद जहां खाली चल रहे है या फिर प्रभार के भरोसे चलते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार से ब्लाक शिक्षा अधिकारी सांईखेडा के सेवा निवृत होने के चलते खाली हुई इस पद पर नये अधिकारी को प्रभार सौपा गया है। बताया जाता है कि जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्यौहार ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के अनुमोदन उपरांत शासकीय उ मा विद्यालय मिढवानी (देवरी) में पदस्थ प्राचार्य प्रतुल कुमार इंदुरख्या को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी साईंखेड़ा के प्रशासनिक एवं आहरण संवितरण अधिकार सौंपे है। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि इंदुरख्या अपने कार्य के अतिरिक्त बीईओ साईंखेड़ा के समस्त कार्यो का भी निर्वाहन करेंगे । ज्ञात हो कि 30 जून को सहायक संचालक प्रताप नारायण आर्य के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के उपरांत बीईओ साईंखेड़ा का पद रिक्त हो गया था। उल्लेखनीय है कि इंदुरख्या पूर्व में चीचली बीईओ के दायित्व का भी निर्वाहन कर चुके है।

### अनेक शिक्षण संस्थाओं में नही है लायब्रेरी फिर भी पुस्तकालय के नाम पर फीस वसूली क्यों?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय शहर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बीते हुए माह नया शिक्षण सत्र शुरू हुआ ही है कि अनेक निजी स्कूलों द्वारा अभिभावको को लुभाने के लिए अपना जाल फैलना शुरू कर दिया गया है? वही दूसरी ओर नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने के दो माह के बाद छात्र छात्राएँ जहाँ अपनी शालायें खुलने की उत्सुकता से खुश नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर शिक्षक भी अपने स्तर पर अध्यापन के लिए मानसिक तौर पर तैयार हो चुके है। मगर इस स्थिति मे अभिभावक बच्चों के लिए कापी, किताबों अन्य सामग्री की व्यवस्था के साथ ही महॅगी फीस के प्रबंध मे जुटे हुये देखे जा रहे है अभिभावक चहते है कि शुरू हुये इस नए सत्र में शालाओं का माहौल इतना बेहतर हो जाए कि छात्र छात्राओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, वही कतिपय अभिभावकों ने बताया कि वर्तमान मे शहर के निजी व शासकीय प्राथमिक शाला भवनों की हालत ठीक नही है, वही कुछ प्राथमिक शालाओं मे छोटे बच्चों को मुख्य सुविधाएँ तक उपलब्ध नही है, दूसरी ओर जागरूक अभिभावकों की शिकायत है कि यह विडम्बना की बात है कि अधिकतर क्षेत्र के हायर सेकेंड्री स्कूलों मे वाउंड्रीबाल, अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के बावजूद लायब्रेरी की व्यवस्था करने मे कोताही बरती गयी है तथा अनेक हाई स्कूल ऐसे है जिनमे पहले पुस्तकालय थें। किन्तु अब उनके संचालन मे रूचि न होने से किताबें आलमरियों मे बंद कर दी गयी है, जिससें छात्र छात्राएँ पुस्तकों से लाभान्वित नही हो पा रहे है,अभिभावकों की माने तो बाजार से महॅगी पुस्तके खरीदकर बच्चों को वे किसी तरह उनके द्वारा शिक्षा दिलायी जा रही है। इस हालत मे संदर्भ ग्रंथ या सहायक पुस्तके खरीदना उनके बस मे नही है,यही कारण है कि छात्र छात्राओं के ज्ञान का विस्तार नही हो पा रहा है, अभिभावकों ने मॉग की है कि जिस प्रकार से नगर की निजी शिक्षण संस्थाओं में लायब्रेरी के नाम पर फीस तो बसूली जा रही है, मगर लायब्रेरी नही है जिसके चलते शासन द्वारा इस प्रकार की संस्थाओं की खोज करते हुए कार्यवाही करें।

## नगर में दौड़ रहे बगैर नम्बर प्लेट के वाहन, जिनको चलाते हुए नाबालिग

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में प्रतिदिन यातायात व्यवस्था खराब होते जा रही ही और इस समस्या की ओर अनेको बार जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नगर के समाज सेवको द्वारा पुलिस के वरिष्ट अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया चुका है मगर इसके बाद भी यातायात विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण नगर सड़को पर खुलेआम बिना नंबर प्लेट की गाड़ी दो पहिया वाहनों में तीने सवारी, छोटे छोटे बच्चों का सरपट वाहनों को दौड़ने के साथ साथ वाहनो में कान फोडू व ककर्स हार्न लगाने का क्रम जारी है, यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन दिनों नगर में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत टू व्हीलर वाहन व 40 प्रतिशत चौपाहिया वाहन शामिल है, जो प्रतिदिन नगर के मुख्य चौराहों से बेखौफ होकर गुजरते बगैर नबंर के वाहन दिखाई देतें है फिर भी पुलिस इन पर ना तो कोई कार्यवाही कर पा रही है ना उनको पकड़ने में कोई अंकुश अभी तक लगा पाई है, जिसके चलते नगर में इन दिनों नाबालिग बच्चों को गाड़ियां चलाने का जुनून सा दिख रहा है।



यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नियमों को दर किनार करते हुये दौड़ने वाले इन वाहनों में प्रमुख रूप से दोपहिया गाड़ियों में तीन लोग सवार होकर फर्राटे से और मस्ती करते हुए दौड़ा रहे होते है जो कभी भी रास्ते से गुजरने वाले राहगिरों को अपनी चपेट में लेने से नही चूकते है। अनेकों बार तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दूसरे वाहनों को प्रभावित होने से नही बच पाते है। उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक ऐसे लोग है जो बिना लायसेंस, ट्रीपल सीट सवारी, बिना नंबर प्लेट सहित दर्जनों अनियमिताता के साथ प्रतिदिन नगर के प्रमुख स्थानों तथा थाने व विभागीय कर्मचारियों के सामने से कई वाहन गुजरते दिखाई देतें है, लेकिन विभाग इस ओर तत्परता नही दिखाने के कारण लोग बेखौफ होकर वाहन दौड़ा रहे है।

# बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियाँ, शहरों बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाया जा रहा अपना गोरखधंधा

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं, इस तरह से क्षेत्र में अनेक



कंपनियाँ अपना रोजगार फैलायें देखे जा रही है। जिसको लेकर लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है किसी बेरोजगार को अपना एजेन्ट बनाने और कम से कम समय में लखपति बनाने के रंगीन सपने दिखाकर दूसरे को भी फाँस लिया जाता है और बोला ताजा है कि तुमको घर बैठे पैसा मिलेगा एक बार इस काम को शुरू तो करो फिर देखना कितनी कमाई होती है, क्योंकि जो एजेन्ट दूसरा एजेन्ट नहीं बनाता है उसे कमीशन नहीं मिलता है इसलिये एक दूसरे को फँसाते रहते हैं ना तो कोई दो महीने में लखपति बना है और ना ही बनेगा। इस प्रकार की जिनती भी कंपनियाँ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं वह युवकों को गुमराह कर पैसा ऐंठने का कार्य कर रहीं हैं,पढ़े लिखे युवक उनकी बातों में आकर लखपति बनने का सपना देखकर वह अपना पैसा फंसाकर कंपनी के लिये काम करना शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं इन तथाकथित कंपनियों ने अनेक शासकीय कर्मचारियों को भी अपनी गिरफत में ले लिया हैजो अपने एजेन्ट बनाने के लिये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभाव डालकर उन्हें इस कंपनी की लिंक चैन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार की कंपनी द्वारा लखपति बनाये जाने के मायाजाल में फंसे कर्मचारियों की जाँच होनी चाहिये और इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये, कुछ कर्मचारियों की तो यह स्थिति है कि वह अपनी पत्नियों के नाम से कंपनी में जुड़कर अपने ईमानदारी से करने वाले कार्य को नजरअंदाज कर इस कार्य में लगे हुये हैं जिसके कारण यह कंपनियाँ दिन दुगना रात चौगुना जाल फैलाती जा रही हैं।

## शहर के चौराहों से लेकर पुलिस थाने के सामने जमा चार पायों के डेरा से हर नागरिक हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है, मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी शानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ दिनों पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है? यदि गौर किया जावे तो इन दिनों शहर के प्रमुख स्थान पलोटन गंज, रेल्वे स्टेशन रोड़, झंडाचौक, पुरानी गल्लामंडी, राठी तिरहा, आमगांवनाका, नया बस स्टेन्ड सहित अनेक स्थानों पर यह मवेशी अपना डेरा जमाये आये दिन हादसो को भी आमंत्रित करते रहते है। इतना ही नही नगर के पुलिस के थाने के सामने भी पशुओं का डेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार बेपरवाह पालक शहर की सड़को पर आवारा घूम रहे इन जानवरो के पालक पूरी तरह से बेपरवाह बने रहते है तो दूसरी ओर दुधारू जानवरो का दूध निकालने के बाद पशु पालक इन्हे सड़को पर खुल्ला छोड़ देते है ऐसे में ये जानवर सड़को पर पहुंच कर अपना डेरा जमा लेते है, कभी कभार तो इन आवारा जानवरों की वजह से गंभीर हादसे भी घटित हो चुके है। मगर इन आवारा पशुओं को प्रशासन द्वारा हटाये जाने किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है और न ही पशु पालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही जिसके कारण पशु पालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। जिसका परिणाम आमलोगों की जिन्दगी को खतरा उतपन्न होता जा रहा है। अतः नपा प्रशासन से मांग की जाती है कि पुनः हाका गैग का गठन कर सड़कों से आवरा पशुओं को हटवाया जावे नही तो किसी दिन किसी की जान के दुश्मन बन सकते है?

खबर संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम डुलहरी में सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात एक युवक ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम डुलहरी निवासी 35 वर्षीय पंचुसिंह धुर्वे पिता विश्राम सिंह धुर्वे सोमवार को शाम लगभग 7 बजे घर में अंदर से दरवाजा बंद कर सो गया। सुबह जब पिता खेत में हल फांदने जाने के लिए आवाज लगाकर उठाने की कोशिश की परन्तु काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो किसी तरह अंदर झांककर देखा गया तो पंचुसिंह फांसी के फंदे में लटकते देखा गया। परिजनों ने इसकी सूचना मेंहदवानी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और सब्बल से उठाकर किसी तरह दरवाजा खोला गया। जानकारी के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और मृतक ने एक्सीलेटर तार से फंदा बनाकर फांसी लगाया था। दरवाजा आसानी से ना खुल सके इसके लिए उन्होंने दरवाजा के कुंडे को सब्बल लगाकर तथा रस्सी बांधकर बंद किया था जिसे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल खोला था।

## योजनाओं से वंचित बैगा आदिवासी परिवार

**डिंडौरी।** डिंडौरी जिले में करंजिया जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्रामपंचायत चंदना के पोषक ग्राम जामपानी में निवासरत बैगा जनजाति के लोग आज भी मिट्टी और लकड़ी से बने टूटे फूटे झोपडी में रहने के लिए मजबूर हैं। सड़क नहीं होने की वजह से बारिश के मौसम में इस गांव तक एम्बुलेंस समेत अन्य वाहन भी नहीं पहुँच पाते हैं। गांव का स्कूल और आंगनवाड़ी भवन जर्जर हो चुका है जो किसी भी वक्त धराशाई हो सकता है। हैरान करने वाली बात यह है की पीएम जनमन योजना के तहत महीनों पहले इस गांव का सर्वे किया जा चुका है जिसकी गवाही इस गांव के घरों की दीवार भी दे रहे हैं लेकिन सरकारी सिस्टम की लापरवाही के कारण सर्वे के बाद भी इस गांव का नाम सरकारी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पाया जिसका खामियाजा बैगा आदिवासियों को भुगतना पड़ रहा है। डिंडौरी जिले में जामपानी के अलावा 79 ऐसे गांव हैं जो जनजातीय विभाग के ऑफिसियल ऐप मोटा में शो नहीं हो रहा है जिसके कारण इन 79 बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में निवासरत विशेष संरक्षित बैगा जनजाति के लोगों को पीएम जनमन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीते मार्च महीने में पीएम जनमन योजना में इस लापरवाही की खबर दिखाये जाने के बाद जिलापंचायत सीईओ विमलेश सिंह ने सफाई देते हुए बताया था की डिंडौरी जिले में पीएम जनमन योजना के तहत कुल 356 गांव चयनित हुए थे जिसमें 79 गांवों के नाम जनजातीय विभाग के ऑफिसियल ऐप में शो नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित होना बताया था साथ ही 79 गाँवों को ऐप में जल्द जुड़वाने का भरोसा भी दिया था तो वहीं लोकसभा चुनाव के पहले क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आश्वासन दिया था।

## शिक्षकों के विरुद्ध की निलंबन की कार्यवाही

**डिंडौरी।** सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि लंबे समय से विद्यालय में अनुपस्थित रहने, शराब पीकर आने एवं दो पत्नी वाले कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी मेंहदवानी से प्राप्त जानकारी अनुसार लंबे समय से अनुपस्थित (शिक्षकों) कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जिनमें मेवालाल भारतिया सहायक शिक्षक प्रा. शा. बगली 28 नवंबर 2005 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, अर्जुन सिंह धुर्वे सहायक शिक्षक प्रा. शा. तांवरी दिनांक 20 अप्रेल 2019 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, रविन्द्र कुमार मसराम सं.शि.वर्ग-3 प्रा.शा. उमरिया 17 दिसंबर 2018 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, नवल सिंह भारतीया सं.शि. वर्ग-3 प्रा.शा. खुदरी दिनांक 06 सितंबर 2019 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, दुर्जन सिंह तेकाम सं.शि.वर्ग-3 प्रा.शा. ठाकुरटोला दिनांक 01 जनवरी 2018 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, सोमनाथ भवेदी सं. शि. वर्ग-3 प्रा.शा. भोंडासाज 24 जून 2016 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, सुकल सिंह पेन्द्रों सं.शि.वर्ग-3 प्रा.शा. बुल्दा दिनांक 01 मार्च 2018 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, मुकेश रघुवंशी सं.शि. वर्ग-3 प्रा. शा. हर्राटोला दिनांक 01 दिसंबर 2018 से दिनांक 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित, प्रदीप कुमार मार्को भृत्य उत्कृ.वि. मेंहदवानी 11 नवंबर 2022 से 09 जुलाई 2024 तक लगातार अनुपस्थित पाए गए हैं, इसी कारण उक्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

# यातायात पुलिस द्वारा गुड सेमेरिटन योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### जबलपुर बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को दी जानकारी सड़क दुर्घटना में घायलों को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने पर 5000/- रूपये नगद राशि एवं प्रशस्ती पत्र प्रदाय किया जायेगा

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

आज थाना यातायात डिण्डौरी टीम द्वारा जबलपुर बस स्टेण्ड डिण्डौरी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बस चालकों/आपरेटरो, आटो चालकों /आपरेटरों एवं सामान्य जन मानस को 'गुड सेमेरिटन योजना' के संबंध में जानकारी दी गयी। थाना प्रभारी यातायात द्वारा जानकारी देते हुये बतलाया गया कि गंभीर सडक दुर्घटना होने पर पीडित व्यक्ति के लिये सबसे महत्वपूर्ण समय प्रारंभ का 01 घंटा होता है, यदि उक्त समय पर पीडित व्यक्ति को चिकित्सीय



सहायता उपलब्ध हो जाती है, तो सामान्यत उसकी जान बच जाती है एवं यदि किसी व्यक्ति द्वारा गंभीर सडक दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को 'गोल्डन आवर्स' अथार्त सडक दुर्घटना के एक घंटे के भीतर चिकित्सीय सहायता हेतु अस्पताल में भर्ती कराया जाता है तो उसे 'गुड सेमेरिटन योजना' के तहत 5000/- रूपये नगद राशि एवं प्रशस्ती पत्र प्रदाय किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी यातायात द्वारा बतलाया गया कि जिला अस्पताल के सामने, सिविल लाईन डिण्डौरी, कोर्ट परिसर एवं समस्त शासकीय विद्यालय एरिया को कलेक्टर द्वारा नो हार्न जोन घोषित किया गया है।

इसका उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही यदि एम्बुलेन्स के गुजरते समय सायरन बजाने के बावजूद भी यदि किसी व्यक्ति द्वारा एम्बुलेन्स को साईड नहीं दी जावेगी, और एम्बुलेन्स के आवागमन में बाधा उत्पन्न की जाती है, तो उस पर भी भारी जुर्माना लगाते हुये चालानी कार्यवाही की जावेगी।

कार्यक्रम के दौरान बस चालकों, आटो चालकों, एवं अन्य सभी वाहन चालकों को सडक किनारे लगे स्पीड लिमिट के अनुसार ही वाहन चलाने, एवं ओव्हर स्पीड वाहन न चलाने की समझाईश दी गयी।



## मेंहदवानी में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी में मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व मोहर्रम को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मेंहदवानी पुलिस थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे ने कहा कि वैसे तो पुलिस थाना क्षेत्र मेंहदवानी हमेशा से शांतिपूर्ण वातावरण में हिन्दू मुस्लिमों का त्योहार मनाता आया है। कभी भी हिन्दू मुस्लिम के त्योहारों में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि हिन्दुओं के पर्व गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव के विसर्जन चल समारोह तथा कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मुस्लिम समाज के द्वारा स्वागत कर स्वल्पाहार कराया जाता है। इसी तरह हिन्दू समाज के दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुस्लिम समाज के जुलूस में शामिल लोगों को भी स्वागत कर स्वल्पाहार कराया जाता है। हालांकि पुलिस थाना क्षेत्र मेंहदवानी में मोहर्रम पर्व पर जूलूस नहीं निकाला जाता और मोहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाया जाता है। शांति समिति की बैठक में जनपद सदस्य आनंदराम साहू, समाजसेवी रामगोपाल साहू, मुस्ताक खान, मेंहदवानी सरपंच पति गुलाब भवेदी, सारसडोली सरपंच बलराम वनवासी, पंच रामस्वरूप साहू, सुदामा साहू,खरगवारा सरपंच पति राजेन्द्र सैयाम, सिराज खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जनसुनवाई के आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराएंः कलेक्टर

## आज जनसुनवाई में प्राप्त 32 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए 32 आवेदन पत्रों की सुनवाई की गई।

जनसुनवाई में ग्राम पड़रिया कला से पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि पंचायत में विगत 3 वर्ष से सहकारी उचित मूल्य की दुकान के लिए भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके निर्माण कार्य में अधिक समय लगाते हुए ठेकेदार द्वारा लापरवाही की जा रही है। सहकारी उचित मूल्य की दुकान का भवन निर्माण न होने से गांव के लोगों को राशन प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए हैं। इसी प्रकार से ग्राम कुकर्रामठ की ग्रामवासियों ने जनसुनवाई में पंचायत सरपंच के द्वारा मतदाता सूची में फर्जी नाम जुड़वाने की शिकायत की गई है। कलेक्टर ने इस आवेदन पर कार्यवाही कर जांच एवं कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत आरआई के द्वारा सड़क मद की भूमि पर अपने संबंधित का अवैध पक्का मकान निर्माण कराये जाने की शिकायत की गई है। कलेक्टर ने एसडीएम शहपुरा को उक्त प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। ग्राम पंचायत धनुवासागर के ग्रामीणों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंचायत सरपंच एवं सचिव की शिकायत करते हुए बताया गया कि पंचायत में निर्माण कार्य एवं अन्य शासकीय कार्यों में मनमानी रूप से लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने सरपंच एवं सचिव के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर ने आवेदन पत्र पर जांच एवं कार्यवाही कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने हेतु सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया है।

जनसुनवाई में आवेदकों के द्वारा राशन वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, मजदूरी भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, संबल योजनांतर्गत सहायता राशि, सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए। इन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया गया, जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दे दी गई है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराने का भी कहा है।

### सिद्ध टेकरी चटुवा में एक पेड़ माँ के नाम के तहत

## रोपे 200 पौधे, ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प




### जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद व जिला पंचायत के अधिकारियों ने किया पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चटुवा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सिद्ध टेकरी में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों की मौजूदगी में 200 से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया, एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था, जिसको सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उत्साहित हैं।

चटुवा सिद्ध टेकरी में कराये जा रहें वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिकारी, जनप्रतिनिधियों समेत स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए विविध प्रजाति के पौधरोपण कर देख रेख करते हुए संरक्षित करने का संकल्प लिया हैं, वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू जितेंद्र व्यवहार ने पौधा रोपण सफल बनाने सुरक्षा एवं रख रखाव के लिए जिला पंचायत मद की राशि जारी करने को हेतु अधिकारियों को कहा हैं, जिससे पौधो का सही तरह से पोषण हो सके। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू व्यवहार, जनपद सदस्य संतोष सिंह चन्देल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखिलेश कटारे,पीसीओ दिलीप श्रीवात्री, सरपंच रामनरेश धुरैया, उपसरपंच दिनेश तिवारी, पंच सुरेश चन्देल, बिहारी, मनीष,अशोक ठाकुर, कृष्ण कुमार, मनोज, रामू, पंचायत सचिव राममिलन परमार, रोजगार सचिव नरेश ठाकुर, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।



## उप-तहसील परिसर मेंहदवानी में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का व्यापक असर दिखाई देने लगा है और जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों सहित अधिकारी कर्मचारी भी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। मंगलवार को मेंहदवानी के उप-तहसील कार्यालय परिसर में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल साहू, ग्राम पंचायत मेंहदवानी के पंच गुलाब भवेदी, बैजनाथ साहू,मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार ओझा, नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश, पटवारी सोहन श्याम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे और सभी ने एक -एक पौधे का रोपण किया।

## स्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अनूपपुर।

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत गंदे पानी के निस्तारण के लिए बनाई जा रही कार्ययोजना में संबंधित नगरीय क्षेत्र के सभी बसाहटों को सम्मिलित करें तथा नगर को स्वच्छ एवं साफ व सुन्दर बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जांए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत जिले के नगरपालिका अनूपपुर, बिजुरी एवं पसान क्षेत्र के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, नगरपालिका अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, नगरपालिका पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती सहबिन पनिका, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनुपपुर श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पसान शशांक आर्मो, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिजुरी पवन कुमार साहू सहित निकाय के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा कंसलटेंट उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी पॉवर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्राप्त की तथा वॉटर ट्रीटमेंट कार्ययोजना तथा कैचमेंट एरिया के संबंध में भी जानकारी ली। जिसके संबंध में कंसलटेंट ने कलेक्टर को अवगत कराया कि नगर पालिका क्षेत्र अनुपपुर में दो कैचमेंट एरिया, नगर पालिका क्षेत्र बिजुरी में तीन कैचमेंट एरिया तथा नगर पालिका पसान में दो कैचमेंट एरिया बनाया गया है, जिसके अंतर्गत गंदे पानी का संग्रहण कर वॉटर ट्रीटमेंट किया जाएगा। जिसके संबंध में कलेक्टर ने आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए नगरीय क्षेत्र की बसाहट के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में निर्देश दिए।

## जनसुनवाई में जिपं. सीईओ ने 61 आवेदकों की सुनी समस्याएं

अनूपपुर।

आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा तथा संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से अपनी समस्याएं लेकर आए 61 लोगों ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में वार्ड नं. 10 बिजुरी के विनोद अग्रवाल ने नगर परिषद जैतहरी में सप्लाई किए गए सामग्री के भुगतान के संबंध में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटोला (बरसोत) के रुद्र प्रताप सिंह ने पुराने समग्र आईडी से नाम डिलीट कराने के संबंध में, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी (खुटवा) के बाबूराम बैगा ने शौचालय निर्माण कार्य की जाँच कराए जाने, ग्राम गोबरी तहसील जैतहरी के सोलंकी सिंह राठौर ने पीसीसी रोड निर्माण में मुरुम एवं रेत का ट्रैक्टर से किए गए ढुलाई की राशि का भुगतान नही किए जाने, अमलाई कालरी के डॉ. राज तिवारी ने मोहल्ले में पानी की समस्या के संबंध में, तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम हिरना छापर के फूल सिंह बैगा ने दिव्यांग पेंशन दिलाए जाने, तहसील कोतमा अंतर्गत वार्ड नं. 13 ग्राम बरगवां के रामनारायण यादव ने जलाशय हेतु अधिग्रहीत की गई भूमि का मुआवजा दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# पुलिस टीम ने पीछा कर कंटेनर को किया बरामद

## लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी भाग निकलने में सफल

थाना मुंगवानी अंतर्गत टायरों से भरा एक कंटेनर को लूटकर भागने वाले लुटेरों का पीछा कर अपनी जान जोखिम में डालकर लुटेरों के कब्जे से माल सहित वाहन बरामद करनें वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को कर्मठ पुलिस कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा किया गया पुरूष्कृत

नरसिंहपुर।



दिनांक 07 जुलाई को करीब रात करीब 8 बजे लखनादौन से नरसिंहपुर रोड पर मुंगवानी के पास प्रार्थी जमील खान पिता छोटे खान निवासी ग्राम घुंसा, मीरगंज, बरेली उत्तरप्रदेश के साथ कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट कर उससे कंटेनर क्रमांक यूके 04 सीबी 4818 जिसमें टायर भरे हुये थे को लूट कर ले गये। लूट की घटना की सूचना प्राप्त होते ही संपूर्ण जिले में की गयी थी घेराबंदी थाना मुंगवानी अंतर्गत कंटेनर को लूटने की घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण जिले में नाकेबंदी हेतु निर्देश दिए गए एवं आरोपियों को कंटेनर सहित अभिरक्षा में लेने हेतु निर्देश दिए गए।

### पुलिस टीम ने पीछा कर कंटेनर को किया बरामद

घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त होने पर उक्त कंटेनर हाईवे पर दिखाई दिया जो तेज गति से भाग रहा था, पुलिस द्वारा उक्त कंटेनर का पीछा किया जिस पर पुलिस टीम को देखकर ड्राईवर द्वारा पुलिस के शासकीय वाहन को टक्कर मारने की कोशिश की जिससे कुछ पुलिस कर्मी मामूली रूप से घायल भी हो गए थे जिनमें एक प्रायवेट वाहन चालक भी शामिल है जो पुलिस का सहयोग कर रहा था किंतु पुलिस टीम को देखकर वाहन चालक तेज गति से चलाने से बरमान से सुआतला के मध्य वाहन पलट गया एवं लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी भाग निकलने में सफल हो गये किंतु माल सहित कंटेनर को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुयी।

### पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को किया गया पुरूष्कृत

कंटेनर का पीछा कर बरामद करने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को किया गया पुरूष्कृत थाना मुंगवानी अंतर्गत लूटे गये कंटेनर को बरामद करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित कर्मठ पुलिस कार्यक्रम के तहत पुरूष्कृत किया गया एवं उनके आदम्य साहस के साथ किए गए कार्य की सराहना की गयी। पुरूस्कृत होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों में थाना प्रभारी सुआतला, निरीक्षक आशीष धुर्वे, उनि विजय धुर्वे, उनि ओ.पी.शर्मा, सउनि सतरलाल सरयाम, प्रधान आरक्षक राधेश्याम पटेल, आरक्षक शोभित मिश्रा थाना सुआतला एवं सउनि सुरेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र बसेडिया, आरक्षक, सुदीप बागरी थाना करेली एवं पवन उर्फ पप्पू नोरिया (प्रायवेट चालक), निवासी बरमान शामिल है।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की संभागीय बैठक सपन्न

नरसिंहपुर।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा शिक्षा मंत्री,आयुक्त, डीपीआई, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र के अन्य अधिकारियों,मुख्यमंत्री के पीएस आदि से लगातार मुलाकातें व उनसे शिक्षकों को उच्च पद प्रभार,क्रमोन्नति दिलाने चर्चाएं की जा रही हैं। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की पहल पर ही उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया शुरू हुई है। और सबसे पहले इसका लाभ शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने ही उठाया है। अधिकारियों ने बताया कि अभी सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षकों सहित सभी संवर्गो की सूचिया तैयार हो रही हैं।सूचियाँ अपडेट होते ही सभी पात्र लोगों को उच्च पद का प्रभार मिलेगा, चैथी क्रमोन्नति भी मिलेगी एवं शिक्षक संघ द्वारा उठाए सभी बिंदुओं पर विचार किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी विगत दिनों नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की संभागीय बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर ने दी। उन्होंने कहा की शासन द्वारा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ को परामर्शदात्री बैठकों में बुलाया जा रहा है,संघ के पत्रों का जवाब दिया जा रहा है एवं निर्णय लिए जा रहे हैं। चुनाव की घोषणा से दो दिन पूर्व शिक्षक संघ की लगातार भाग दौड़ से ही सरकार ने 4 प्रतिशत डीए की घोषणा की थी। शिक्षक संघ व अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भारत की वित्त मंत्री माननीया निर्मला जी से भी ओपीएस को लेकर चर्चाएं की हैं। वह ओपीएस की बजाये एनपीएस में सुधार करके अंतिम वेतन का 50त्न देने राजी हैं। संभागीय बैठक की शुरुआत संभागीय अध्यक्ष विजय शुक्ला, मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष डॉ.छत्रवीर सिंह राठौर, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता, प्रांतीय सहसंगठन मंत्री नंदकुमार शुक्ला, संभागीय संगठन मंत्री यदुकांत बिसेन, प्रांतिय ऑडिटर उमाशंकर अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवाजी वाविस्ताले, पूर्व संभाग अध्यक्ष असीम गौतम, नेहरू स्कूल के प्राचार्य डा. ए.के.चैबे आदि द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन तथा हरगोविंद शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण से की गई।

# छात्र- छात्राओं ने लिया पौधों की सुरक्षा का संकल्प

## सत्र न्यायाधीश अरविंद मीणा द्वारा शाला परिसर में पौधारोपण किया






नरसिंहपुर।

जिले के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यवहार के मार्गदर्शन में पौधों की सुरक्षा के संकल्प के साथ वृहद स्तर पर छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर वायुदूत एप पर पंजीयन किया जा रहा है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जिला शिक्षा केन्द्र में पौधारोपण किया गया। इसी तरह जिले के अन्य स्कूलों में भी पौधारोपण किया गया। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में सत्र न्यायाधीश अरविंद मीणा जी द्वारा शाला परिसर में आंवला एवं अमरूद का पौधारोपण कर छात्र- छात्राओं को पर्यावरण में पौधों का महत्व बताते हुए पौधे लगाने के साथ- साथ पौधों को संरक्षित रखने की बात कही। शासकीय हाईस्कूल सहावन में प्राचार्य डॉ. सुशील शर्मा, स्टाफ एवं छात्र- छात्राओं द्वारा, शासकीय हाईस्कूल पचामा में प्राचार्य राजेश गुप्ता एवं छात्र- छात्राओं द्वारा, शासकीय हाईस्कूल वेदू में, शासकीय हाईस्कूल नयाखेड़ा में प्राचार्य श्रीमती विनीता पाण्डे स्टाफ एवं छात्र- छात्राओं के द्वारा शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। विकासखण्ड चावरपाठा के एकीकृत हाईस्कूल छीतापार में, विकासखण्ड चीचली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम में 501 पौधों का रोपण किया गया और शासकीय हाईस्कूल नयागांव में प्राचार्य श्रीमती प्रीति नेमा एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों द्वारा शाला परिसर में सुरक्षित चार दीवारी में 100 पौधों का पौधारोपण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया में प्राचार्य श्री महेश कतिया द्वारा छात्र- छात्राओं को पर्यावरण में पौधों के महत्व को बताते हुए पौधों के सुरक्षा का संकल्प लिया। शासकीय कन्या एवं बालक उच्चतर माध्यमिक आमगांव बड़ा, एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया (श्रीनगर), एकीकृत शासकीय हाईस्कूल रीछई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर बड़ा, शासकीय हाईस्कूल रमखिरिया, हाईस्कूल बैरागढ़, हाईस्कूल कुंडा छोटा, हाईस्कूल हीरापुर (चावरपाठा), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखुपर में प्राचार्य पंचम सिंह झारिया एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। शासकीय हाईस्कूल कमोद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीचैका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया झांसीघाट में गांव के सरपंच श्री हरिशंकर ठाकुर, उपसरपंच चैधरी राजेश पटेल, एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शाला के छात्र- छात्राओं द्वारा आंवला, अशोक, नीम, नीबु, अमरूद, खिरनी, जामुन, मुनगा, आम आदि 82 पौधों का वृहद पौधारोपण किया गया। रानी अवंती बाई लोधी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में एकीकृत विद्यालय अमाड़ा, शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी में पौधारोपण किया गया। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पीपल, बेलपत्र, गुलतर्रा, आंवला, अशोक आदि पौधों का दैनिक जीवन में महत्व को समझाते हुए विद्यालय में छात्र- छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण



## जन चैपाल लगाकर सुनी क्षेत्रीय जनों की समस्याएं

नरसिंहपुर।

जिले में आपराधिक गतिविधियों पर पूर्णतरू अंकुश लगाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का किया जा रहा भ्रमण, थाना स्टेशनगंज अंतर्गत ग्राम खुरपा में जन चैपाल लगाकर सुनी क्षेत्रीय जनों की समस्याएं। जिले में आपराधिक गतिविधियों पर पूर्णतरू अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्ययोजना तैयार की गयी है जिसके तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के ऐसे ग्राम एवं स्थान जिनमें आपराधिक गतिविधियों के संचालन की शिकायतें प्राप्त होती है उनको चिन्हित कर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं भ्रमण कर उक्त स्थनों पर जन चैपाल का आयोजन कर क्षेत्रीय जनों से रूबरू होकर समस्याओं को सुना जा रहा है। थाना स्टेशनगंज अंतर्गत ग्राम खुरपा का भ्रमण किया गया एवं जन चैपाल लगायी जाकर क्षेत्रीयजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना गया। जनचैपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीयजनों से अपील की गयी कि यदि क्षेत्र में कोई अवैध शराब एवं अन्य असमाजिक गतिविधियों का संचालन करता है तो इसकी सूचना तत्काल मुझे एवं पुलिस को देवे ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस के सहयोगी बने।

जन चैपाल के दौरान क्षेत्रीयजनों द्वारा समक्ष में रखी गयी समस्याओं के निराकरण एवं क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये है। एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया गया एवं आमजनों से अपील की गयी कि सभी अधिक से वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति आपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें।

### गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के देवलोकगमन पर विनयांजलि

तेंदूखेड़ा-विगत दिवस दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान समाधिष्ठ आचार्य भगवान श्री विद्यासागर मुनिराज के परम शिष्य 108 मुनिराज श्री निर्णय सागर महाराज एवं 105 क्षुल्लक श्री अटल सागर महाराज के सानिध्य में गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज को विन्यांजलि समर्पित की गई। मुनि श्री ने कहा कि एक श्रमण दीक्षा लेने के साथ ही समाधि की तैयारी शुरू कर देता है। जैन दर्शन विश्व का एकमात्र ऐसा दर्शन है जो जीवन जीने के साथ साथ मरने की कला भी सिखाता है इसलिए इसमें मृत्यु को शोक का नहीं बल्कि मृत्यु महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। गणाचार्यश्री विराग सागर महाराज ने स्वयं मोक्ष मार्ग पर चलकर लगभग 500 लोगों को संयम के मार्ग पर लगाया यह श्रमण परंपरा के लिए उनका महान उपकार है। उन्होंने पूर्ण सजगता एवं समता भाव पूर्वक समाधि सल्लेखना के साथ अपनी देह का विसर्जन किया एक साधन के जीवन का यही एकमात्र लक्ष्य होता है। उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलना जिनवाणी शास्त्रों का स्वाध्याय करना उनके प्रति सच्ची बिन्यांजलि होगी। 105 क्षुल्लक श्री अटल सागर महाराज ने कहा कि सम्यक दर्शन के साथ समाधि मरण को जो प्राप्त करता है वह जीव कम से कम तीन भवों में एवं अधिकतम सात आठ भवों में संसार से मुक्त हो जाता है। पंडित कमल कुमार शास्त्री ने कहा कि अप्रतिकार उपसर्ग आने पर अप्रतिकार दुर्भिक्ष उपस्थित होने पर वृद्धावस्था आने पर अब अप्रतिकार रोग हो।

# भारी वाहनों की मनमानी आये दिन घटित हो रही घटनायें

तेंदूखेड़ा



इन दिनों तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा से गाडरवारा एवं डोभी तरफ से भारी वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है। उक्त हाइवा डम्फर इतनी अवाध गति से दौड़ते है कि सामने तरफ से आने वाले वाहनों को क्रासिंग के समय भारी मसक्कत करनी पड़ती है। अनेकों बार इस विषय को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन तक पंहुचाया भी गया लेकिन इस दिशा मे अभी तक कोई ठोस कार्यवाही न होने की स्थिति मे डम्फर चालकों के होसलें बुलंदी पर है। मंगलवार को अंबेडकर भवन के सामने तरफ अवाध गति से चले आ रहे एक डम्फर की चपेट मारूति कार आ गई। जिसमें सवार बाल बाल बच गये। यह स्थिति तब निर्मित हुई जब सामने से एक बस अपने गंतव्य की ओर जा रही थी।

# एन एस एस इकाई ने किया पौधारोपण



तेंदूखेड़ा

एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत संत मौनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं वन विभाग की टीम के साथ महाविद्यालय परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ के साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन एवं स्कूल के एनएसएस अधिकारी आशुतोष नारायण नामदेव एन एस एस की छात्राएं वन विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता दी तथा सभी ने संकल्प लिया कि पेड़ को लगाने के साथ-साथ उसको पूर्ण संरक्षण भी प्रदान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आये 110 आवेदन



नरसिंहपुर। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 9 जुलाई को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी, आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 110 आवेदन आये।

### ग्राम बंधा में लगाये गये 1200 पौधे



नरसिंहपुर। एक पेड़ माँ के नाम अभियान जिले में जन अभियान का रुप ले रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत गोटेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत नगवारा के ग्राम बंधा में समाजसेवी श्री सरदार सिंह पटेल की उपस्थिति में शासकीय भूमि पर लगभग 1200 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधियों, विकासखंड स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणों की उपस्थिति में आंवला, आम, अमरूद, नीम, जामुन, पीपल, बरगद, बेल, नीबू एवं अशोक आदि के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण में पौधों के महत्व को बताते हुए पौधों को रोपित करने के साथ- साथ संरक्षित रखने की बात कही।


### उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों के लिए आवेदन आमंत्रित

नरसिंहपुर। नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड साईंखेड़ा एवं चीचली में दुकान विहीन विक्रेता विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न की जायेगी। उचित मूल्य दुकानविहीन ग्राम पंचायतों के लिए 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित दुकान आवंटन की कार्रवाई अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा द्वारा की जायेगी। यह जानकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा ने दी है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 12 जुलाई को

नरसिंहपुर। आगामी 17 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जावेगा। जिले में शांति पूर्वक त्यौहार मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार 12 जुलाई को प्रातरू 11 बजे से नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### महिला बाल विकास विभाग द्वारा दी गई मातृत्व लाभ की जानकारी



नरसिंहपुर। हब फॉर एंपारमेंट ऑफ वुमैन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत मातृत्व लाभ सप्ताह 8 जुलाई से 12 जुलाई तक किया जा रहा है। इस दौरान ओएसओ प्रशासक श्रीमती संध्या काले द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र रानी अवंती बाई वार्ड नरसिंहपुर में महिलाओं को मातृत्व लाभ के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें जागरूक किया गया।